प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

अंकित तिवारी के गानों पर झूमें छात्र

पन्तनगर। 22 मई 2023। विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिक महाविद्यालय के इंजीनियरिंग एण्ड टेक्निकल सोसाईटी द्वारा आयोजित तीन–दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार की रात्रि मशहूर गायक अंकित तिवारी द्वारा विश्वविद्यालय के कन्वोकेशन ग्राउंड में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अंकित तिवारी द्वारा दी गयी प्रस्तुतियों पर प्रौद्योगिक महाविद्यालय के साथ विश्वविद्यालय के अन्य माहाविद्यालयों के छात्र भी देर रात्रि तक झूमे। कार्यक्रम में प्रौद्योगिक महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अलकनंदा अशोक सहित सभी विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ब्रिजेश सिंह एवं अधिष्ठात्री प्रौद्योगिक महाविद्यालय डा अलकनंदा अशोक द्वारा श्री अकिंत तिवारी को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। प्रौद्योगिक महाविद्यालय द्वारा अपनी डायमंड जुबली वर्ष के क्रम में तीन–दिवसीय ''क्लोजियम'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस उत्तराखण्ड के जाने–माने रैपर गौरव वोईड ने अपनी प्रस्तुति दी। उनके गीतों में खोकर छात्र खुद को झूमने से नहीं रोक पाए छात्रों के उत्साह को देखते हुए श्री गौरब वोईड मंच पर झूमने लगे। उन्होंने कहा कि वे बार–बार यहां आना चाहेंगे। कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलसचिव डा. दीपा विनय द्वारा दिनांक 19 मई 2023 को सांय रिबन काट कर किया गया। क्लोजियम के क्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्रों द्वारा महाविद्यालय परिसर में विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताएं–पेंट वाल, कोड ऑफ गेट्स, सेल्स अपील, ट्रेक्शन, रेम्प शो, पेपर विंग, ग्राफिटी वाल, बैंड वार आदि कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न किए गए। संपूर्ण कार्यक्रम अधिष्ठाता डा. अलकनंदा अशोक के दिशा निर्देशन में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के सफल संपादन हेतु कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा महाविद्यालय के छात्रों की सराहना करते हुए उनको प्रोत्साहित किया गया। क्लोजियम के आयोजन से छात्रों में खुशी की लहर है उनके द्वारा कहा गया कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करना व उसमें शामिल होना एक खास अनुभव होता है जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। इस अवसर पर डा. अलकनंदा अशोक ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी छात्रों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए उनके द्वारा की गयी कड़ी मेहनत एवं प्रयासों की सराहना की गयी।

कार्यक्रम में अकिंत तिवारी को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित करते अधिष्ठात्री डा. अलकनन्दा अशोक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ब्रिजेश सिंह।